समग्र विकास के लिए तीसरी बार चाहिए एनडीए सरकार

बिहार में जनसभाओं को सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया संबोधित

पटना/भोपाल, 29 अक्टूबर। मुख्यमंत्री यादव ने बुधवार को बिहार के कटोरिया, नाथनगर और आलमनगर विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकास की अपार संभावनाएं रखता है। समग्र विकास के लिए राज्य में तीसरी बार एनडीए सरकार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देशभर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के बाद अब बिहार के सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य तीर्थ बनेगा। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के पसीने का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से बिहार के 74 लाख किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। बहनों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मोहन ने अटल पथ से किया रन का फ्लैग-ऑफ

भोपाल. राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह के समापन अवसर पर मप्र पुलिस ने बुधवार को भोपाल में साइबर जागरूकता रन - 2025 का आयोजन किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्लेटिनम प्लाजा, अटल पथ से रन का फ्लैग-ऑफ किया. रन एपेक्स बैंक तिराहा होते हुए टी.टी. नगर स्टेडियम पर संपन्न हुई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मौके पर नागरिकों से डिजिटल माध्यमों के उपयोग में सतर्कता और जिम्मेदारी बरतने की अपील की. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है. आज भारत तकनीक को अपनाने और उसे आमजन के जीवन में उतारने में दुनिया का अग्रणी देश बन चुका है. कई विकसित देश अब भारत की पहल का अनुसरण कर रहे हैं.

श्रीधाम-भदनपुर रेलखंड पर 2×25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम को दी मंजूरी

भोपाल, 29 अक्टूबर. भारतीय रेल द्वारा ट्रेनों की गति, क्षमता और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है।

इसी क्रम में रेल मंत्रालय ने श्रीधाम-भदनपुर रेलखंड (192 मार्ग किमी/ 430 टीकेएम) पर 2म25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम को मंजूरी दी है। यह परियोजना 437 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से पूरी की जाएगी। केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जबलपुर-कटनी रेलवे का अत्यंत व्यस्त सेक्शन है। इस सेक्शन पर इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2×25 केवी स्तर पर अपग्रेड करने से मुंबई-प्रयागराज ट्रंक रूट पर अधिक गाड़ियां चलाई जा सकेंगी। अगले तीन वर्षों में यह परियोजना पूर्ण होगी 2×25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम एक आधुनिक विद्युतीकरण प्रणाली है, जिसमें 50 केवी बिजली आपूर्ति को ऑटो-ट्रांसफार्मर के माध्यम से 25 केवी पर परिवर्तित किया जाता है। इससे वोल्टेज ड्रॉप कम होता है और ऊर्जा की हानि घटती है। इस प्रणाली के लागू होने से मिशन 3000 मिलियन टन और मिशन रफ्तार को गति मिलेगी।

आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया : कमलनाथ

कमलनाथ का तंज

भोपाल, 29 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मध्यप्रदेश सरकार के वित्तीय हालात को लेकर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा है कि प्रदेश की स्थिति आमदनी अठन्नी और ख़र्चा रुपैया जैसी हो गई है.

> कमलनाथ ने आरोप लगाया कि कर्ज़ में डूबे प्रदेश के बावजूद सरकार ने नया हवाई जहाज़ ख़रीदने का फ़ैसला किया है, मंत्रियों के बंग्लों की साज-सज्जा पर और इवेंटबाज़ी में भी जमकर पैसा लुटाया जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि भारी कर्ज़ लेने के बावजूद न तो लाड़ली बहनों को वादे के अनुसार तीन हज़ार रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं और न ही किसानों को गेहूं-धान का वादा किया गया समर्थन मूल्य मिल रहा है. बेरोज़गारों को नौकरी नहीं और छात्रों की छात्रवृत्ति का पैसा भी अटका हुआ है. कमलनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में वित्तीय प्रबंधन पूरी तरह गायब है और जनता का पैसा मनमाने ढंग से फ़िज़ूलखर्ची में उड़ाया जा रहा है.

कमलनाथ ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रदेश सरकार ने एक बार फिर 5200 करोड़ रुपये का नया कर्ज़ लिया है, जिसके बाद प्रदेश पर कुल कर्ज़ की राशि 4.60 लाख करोड़ रुपये हो गई है. जबकि राज्य का वार्षिक बजट 4.21 लाख करोड़ रुपये का है. उन्होंने कहा कि अब सरकार के पास साल भर की आय से भी ज़्यादा कर्ज़ हो गया है और बजट व कर्ज़ के बीच क़रीब 40 हज़ार करोड़ रुपये का अंतर आ चुका है.

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार तो सरकार को ब्याज चुकाने के लिए भी नया कर्ज़ लेना पड़ता है. उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इतनी ख़राब वित्तीय स्थिति के बावजूद भाजपा नेता अपनी शानोशौकत पर सरकारी धन ख़र्च करने से नहीं चूक रहे हैं.

भाजपा राज में अपराध बेलगाम : जीतू

जंगलराज पर कांग्रेस का प्रहार

विशेष संवाददाता

भोपाल,29 अक्टूबर. मध्य प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। हाल के दिनों में प्रदेशभर में घटित आपराधिक घटनाओं ने राज्य में फैले जंगलराज की तस्वीर स्पष्ट कर दी है।

कटनी के कैमोर में भाजपा नेता नीलेश रजक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, गुना के गणेशपुरा में बीजेपी नेता महेंद्र नागर द्वारा किसान रामस्वरूप धाकड़ की निर्मम हत्या, जबलपुर में दंपत्ति की हत्या, सिंगरौली में युवक को मोबाइल चोरी के शक में सार्वजनिक सजा और पन्ना में आरोपी पंचम यादव द्वारा पुलिस दल पर कुल्हाड़ियों से हमला इन घटनाओं ने सरकार की नाकामी को उजागर कर दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा गृह मंत्री पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

अपराधियों को संरक्षण दे रही है सत्ता



उन्होंने कहा, सत्ता अपराधियों को संरक्षण दे रही है, वैधानिक साक्ष्य इस बात की पुष्टि करते हैं। हम मांग करते हैं कि सभी घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो, दोषी नेताओं पर कार्रवाई की जाए और गृह मंत्री तत्काल इस्तीफा दें। पटवारी ने कहा कि अब निर्दोष किसान, महिलाएं और आम नागरिक भय के साये में जी रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने आंखें नहीं खोलीं, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। कांग्रेस ने जनता से अपील की है कि वे इस जुल्म के जंगलराज के खिलाफ एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करें।

7 फरवरी तक तबादलों पर रोक

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 29 अक्टूबर. प्रदेश में सरकारी अधिकारियों के तबादलों पर सात फरवरी तक रोक लग गई है. विशेष रूप से चुनाव आयोग के काम से जुड़े अधिकारियों के तबादलों पर पूरी तरह रोक रहेगी.

ये रोक कलेक्टर, अपर कलेक्टर, ज्वाइंट कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार जैसे मैदानी अफसरों पर ज्यादा प्रभावी रहेगा.

भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है, जिसमें एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने तक इस तरह के अफसरों के तबादले नहीं करने की बात कही है. यदि इस तरह के अफसरों के तबादले किये जाना अनिवार्य होगा, तो इसके लिये चुनाव आयोग की अनुमति लेना होगा. वहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा के दूसरे वरिष्ठ अफसरों के तबादले किये जा सकेंगे, इस पर किसी तरह की कोई रोक नहीं होगी. इसी तरह भारतीय पुलिस सेवा, सहित राज्य पुलिस सेवा के अफसरों के तबादलों पर भी कोई रोक नहीं होगी. चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को भेजे पत्र में यह भी कहा है कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का कोई पद रिक्त नहीं होना चाहिए. जिससे कि आयोग द्वारा तय समय सीमा में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का कार्य पूरा किया जा सके. इस काम के लिये जरुरी बीएलओ और सुपरवाइजर्स की कमी भी नहीं हो, यह जिम्मेदारी कलेक्टर और राज्य सरकार की होगी.

ससुर की हत्या के बाद आत्महत्या का प्रयास

गंजबासौदा। त्योंदा थाना क्षेत्र के ग्राम मुकंदपुर में घरेलू विवाद के दौरान दामाद ने ससुर की हत्या कर दी और बाद में फांसी लगाने का प्रयास किया. दामाद संजय कुर्मी और उसकी पत्नी के बीच विवाद चल रहा था. बुधवार को झगड़े के दौरान ससुर घनश्याम कुर्मी बीच-बचाव करने पहुंचे, तो गुस्से में आकर संजय ने उन पर हमला कर दिया, जिससे घनश्याम की मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद आरोपी दामाद ने आत्महत्या का प्रयास किया, जिसे बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है.

सिंघार ने एसआईआर पर उठाए सवाल

विशेष संवाददाता

भोपाल, 29 अक्टूबर. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर की प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताई है. उन्होंने इसे सेलेक्टिव इंटेंसिव रिमूवल बताते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जड़ों पर खतरा है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंघार ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता और व्यावहारिकता पर कई सवाल खड़े किए. चुनाव आयोग ने एसआईआर के दूसरे चरण की घोषणा की है, जो 4 नवंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलेगा. आयोग का दावा है कि 51 करोड़ मतदाताओं की घर-घर गणना मात्र 30 दिनों में पूरी कर ली जाएगी. सिंघार ने सवाल उठाया कि इतनी विशाल प्रक्रिया इतने कम समय में कैसे पूरी हो सकती है. उन्होंने चेतावनी दी कि इस जल्दबाजी में लाखों वैध मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं. उन्होंने यह भी पूछा कि केवल 12 राज्यों को ही क्यों चुना गया, और बाकी राज्यों को क्यों छोड़ा गया — चयन के मानदंड सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए.

आदिवासी मतदाता हो सकते है वंचित

मध्यप्रदेश की स्थिति पर बोलते हुए सिंघार ने कहा कि राज्य की 22 प्रतिशत आदिवासी आबादी के सामने दस्तावेज़ी व डिजिटल पहुंच की कमी के कारण नाम हटने का गंभीर खतरा है. उन्होंने बताया कि इस वर्ष 3 लाख से अधिक वनाधिकार दावे खारिज किए जा चुके हैं, जिससे आदिवासी मतदाता वंचित हो सकते हैं. प्रवासी मजदूर, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग भी प्रभावित होंगे. सिंघार ने याद दिलाया कि उन्होंने पहले ही मध्यप्रदेश में वोट चोरी के मामलों का खुलासा किया था, जिसमें सिर्फ दो महीनों में 16 लाख नए नाम मतदाता सूची में जोड़े गए थे.

बीएलओ तीन बार मतदाताओं के जाएंगे घर

सीईओ संजीव कुमार झा ने की कमिश्नर और कलेक्टर के साथ बैठक

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 29 अक्टूबर. प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के दूसरे दिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने वीडियो कांफ्रेसिंग से सभी संभागों के कमिश्नर एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की.

उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में सभी संभागों के कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए. इस दौरान सीईओ ने कलेक्टरों को साफ किया कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएं, ये सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कलेक्टरों की है.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें. निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें. भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.डॉट.ईसीआई.इन पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची देख सकता है. इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है. विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें.

तीन नवंबर तक होगी बीएलओ की ट्रेनिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है जो 8 फरवरी 2026 तक चलेगी. इस बीच 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी. बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा. मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसम्बर तक किया जाएगा. दावा आपत्तियों के 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे.

प्रदेश में चल रही ठंडी हवाएं, होगी तेज बारिश

प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ मानसून, बारिश की चेतावनी

भोपाल, 29 अक्टूबर. प्रदेश में एक बार फिर बिन मौसम के बारिश का दौर शुरू हो गया है. राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहे और हल्की बारिश के आसार बने हुए हैं.

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है. मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, विदिशा, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी सहित 40 से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है. वहीं नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभागों के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना है.

> पिछले 24 घंटों में नर्मदापुरम, उज्जैन, जबलपुर और सागर संभागों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई, जबकि चंबल और शहडोल संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर वर्षा हुई. इसके कारण ग्वालियर और शहडोल संभागों में अधिकतम तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है. भोपाल और रीवा में तापमान सामान्य से 3 डिग्री तक कम दर्ज किया गया. वहीं न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, हालांकि इंदौर, उज्जैन और शहडोल संभागों में रात का तापमान सामान्य से 5 से 9 डिग्री अधिक रहा.

स्वस्थ समाज की नींव और संकल्प पोषण माह

भोपाल, 29 अक्टूबर. महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि पोषण अभियान केवल एक माह का कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवनभर चलने वाला संकल्प है, जो स्वस्थ समाज की मजबूत नींव रखता है. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल में आयोजित 8वें पोषण माह के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं. उन्होंने कहा कि बच्चे के बेहतर पालन-पोषण और समग्र विकास के लिए माता-पिता दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है. भूरिया ने कहा कि मोटे अनाज अथवा श्रीअन्न से बने व्यंजन पौष्टिक होने के साथ-साथ अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक हैं.

सोनम पर सबूत मिटाने और साजिश रचने के आरोप तय

05 आरोपियों पर अदालत ने तय किए आरोप

नवभारत न्यूज़

इंदौर/ शिलांग. ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में बड़ा अपडेट सामने आया है.

मेघालय की ईस्ट खासी हिल्स जिले की अदालत ने मंगलवार को मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी समेत पांच आरोपियों पर आरोप तय किए हैं. सोनम पर हत्या की साजिश में शामिल रहने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया है. उसके साथ राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी पर भी अदालत ने आरोप तय करते हुए इनकी जमानत रद्द कर दी है. राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि कोर्ट ने इन पांचों पर हत्या, सबूत गायब करना और आपराधिक साजिश के तहत मुकदमा चलाने का आदेश दिया. अदालत ने माना कि प्रस्तुत साक्ष्य और जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है.

यह कार्रवाई उस विस्तृत जांच के बाद हुई, जिसमें पुलिस ने 5 सितंबर को सोहरा सब-डिवीजन की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कोर्ट में 790 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी. चार्जशीट में स्पष्ट उल्लेख है कि सोनम रघुवंशी ने अपने बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा के साथ मिलकर न केवल हत्या की साजिश रची बल्कि वारदात के बाद सबूत मिटाने में भी भूमिका निभाई.

कार्यक्रम | गोपाष्टमी पर्व पर अयोध्या नगर में गौसंवर्धन संकल्प सभा का आयोजन, पूर्व सीएम उमा भारती ने कहा

गौसवकों के उत्पादों पर सब्सिडी दे प्रदेश सरकार

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 29 अक्टूबर. दुर्गा हनुमान मंदिर अयोध्या बासपास रोड, भोपाल में बुधवार गोपाष्टमी पर्व पर विराट गौ संवर्धन संकल्प सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमाश्री भारती मौजूद रही.

इस सभा के माध्यम से उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि वे गौ संर्वधन के लिए आगे आएं. गाय को बचाने ही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए. उमा भारती ने प्रदेश सरकार से कहा कि वह गौ सेवकों के उत्पादों पर उन्हें सब्सिडी दे जिससे उन्हें राहत मिल सके. इसी के साथ गौवंश आधारित खेती को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए. उमा भारती ने सभा में पहुंचने से पहले अयोध्या नगर स्थित हनुमान और मां भगवती के मंदिर में पूजा-अर्चना भी की. यहां उन्होंने कन्यापूजन भी किया. अयोध्या नगर दशहरा मैदान पर माता बेटी बाई सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह विराट गौ संवर्धन सभा में प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रद्युम्न सिंह लोधी, प्रहलाद लोधी, प्रीतम लोधी, कार्यक्रम संयोजक अशोक त्रिपाठी, मनोज सिंह जादौन, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ता मौजूद रहे.

> माता बेटी बाई सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह विराट गौ संवर्धन सभा में प्रदेशभर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सुश्री उमा भारती को तलवार भेंट कर स्वागत किया. कार्यक्रम में केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा गौ संवर्धन हेतु चलाई जा योजनाओं के प्रदर्शित करते हुए समागम में एकत्रित गौ पालक, गौ भक्तों से प्राप्त सुझावों को भी समाहित कर कुछ विशेष मांग और संशोधन का ड्राफ्ट भी सरकारों को प्रस्तुत करने पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें गौवंश का असली स्थान, किसान का खेत-खलिहान के आधार पर ही गौवंश आधारित कृषि को कैसे जन हितकारी और लाभकारी बनाने आवाज बुलंद की गई.

पानी की बोतलों के बीच छिपाई 15 लाख की शराब

बैतूल. मध्यप्रदेश की बैतूल जिला पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए एक मिनी ट्रक से 15 लाख रुपए से अधिक मूल्य की अवैध शराब जब्त की है. ट्रक में शराब की पेटियां पानी की बोतलों के बीच छिपाई गई थीं ताकि जांच से बचा जा सके. थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कल एक मिनी ट्रक को रोककर तलाशी ली. जांच में 1494.72 लीटर अवैध शराब बरामद हुई. शराब की अनुमानित कीमत 15 लाख 42 हजार 240 रुपए बताई गई है.

आवश्यकता है केयर टेकर की

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके.

कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता.

12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-

संपर्क करें

9826461065

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14